Rediffusion/Edelman

Publication: Amar Ujala
Date: 4.11.2012
Edition: New Delhi
Page no.: 7
Headline: New Era Public School wins TCS IT Wiz

टीसीएस आईटी विज में न्यू एरा ने बाजी मारी

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। आईआईटी दिल्ली में टीसीएस आइटी विज प्रतियोगिता के दिल्ली संस्करण का आयोजन किया गया। आइटी विज में दिल्ली के न्यू एरा पब्लिक स्कूल के प्रेम पाल सिंह और अरनव शर्मा ने बाजी मारी।

प्रतियोगिता में दिल्ली, गुड़गांव, नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद, पटियाला, पानीपत, हरियाणा और वाराणसी के स्कूलों से करीब 1200 छात्रों ने हिस्सा लिया।

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के अध्यक्ष (मैन्यूफैक्चरिंग) देवाशीष घोष ने विजेता छात्रों को ट्रॉफी के साथ गैलेक्सी नोट प्रदान किया। इस प्रतियोगिता में दिल्ली स्थित मॉडर्न स्कूल बाराखंभा रोड के अप्रतिम चरण सिंह और तमन धानुका रनर अप बने। 14 शहरों के क्षेत्रीय राउंड के बाद दिसंबर में राष्ट्रीय प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में टीसीएस विजेता टीमें यूएई की विजेता टीमों से मुकाबला करेंगी।

फेसबुक यूज करने में दिल्ली दूसरे नंबर पर

छात्रों की डिजिटल आदतों पर एक जेनवाई सर्वे किया गया। सर्वे के नतीजों से यह बात सामने आई कि दिल्ली, मुंबई के बाद दूसरा शहर है, जहां फेसबुक यूजर सबसे अधिक हैं। यहां 95.63 फीसदी छात्र फेसबुक का इस्तेमाल करते हैं। सबसे अधिक मोबाइल धारकों में भी दिल्ली दूसरे स्थान पर है। इसके साथ ही मोबाइल से इंटरनेट एक्सेस करने वाले छात्रों की संख्या, लैपटॉप से एक्सेस करने वालों की तुलना में अधिक है। 58.98 फीसदी छात्र मोबाइल से इंटरनेट एक्सेस करते हैं, जबकि लैपटॉप से एक्सेस करने वालों का प्रतिशत 58.08 है। 91.12 प्रतिशतघर से इंटरनेट एक्सेस करते हैं। करियर के लिए दिल्ली के छात्रों का पंसदीदा विकल्प आईटी और इंजीनयरिंग हैं।